News from various papers and websites

hindustantimes



# MN Buch was never afraid to speak his mind, says chief minister

HT Correspondent

BHOPAL: Former civil servant Mahesh Neelkanth Buch was cremated with full state honours on Sunday morning at the Bhadbhada crematorium. Chief minister Shivraj Singh Chouhan, chief secretary Anthony de Sa, DGP Surendra Singh, state election commissioner R Parasuram, former chief secretary Avani Vaish among others were present at the funeral.

Buch, popularly known as the 'architect of modern Bhopal', passed away on Saturday evening after a brief illness. He was 80.

Speaking on the occasion, the CM recalled Buch as a civil servant who spoke his mind without fear. Chouhan said Buch was always concerned about what was happening in the state and very often wrote or called up officers to tell them what had gone wrong and what needed to be corrected.

He said that a befitting tribute could be given to the former bureaucrat if all the administrative officers worked honestly for the development of Bhopal "since the subject was close to his heart."

Buch had contested for a Lok Sabha seat from Betul but only lost it narrowly. "There are other things that go into winning an election which Buch did not use. But the people loved him and he came very close to winning the election," said the CM.

Members from the Gujarati community, civil servants, media and police also paid their respects to the former bureaucrat. The IAS association will hold a prayer meeting at the IAS guest house at 6.30 pm on Monday.

A large number of retired and serving civil servants, including collector Nishant Warwade, SSP Raman Singh, IG Yogesh Chaudhury, principal secretaries Iqbal Singh Bains, Ajit Kesri, SN Misra, ICP Keshari, housing board commissioner Nitesh Vyas were also present on the occasion.

MN Buch's remains would be immersed in the Narmada on Monday morning.

Chief minister Shivraj Singh Chouhan carries former bureaucrat MN Buch's body to Bhadbhada crematorium in Bhopal on Sunday. BIDESH MANNA/HT PHOTO

Jawans give guard of honour to Buch. BIDESH MANNA/HT PHOTO

1934-2015

## He symbolised the best of civil service

It is indeed very sad that Mr Buch has passed away. For a large number of us he symbolised the best that the civil service has ever produced.

For a very long time especially for those of us who have spent years in Bhopal in the service, he will be etched in our memories as the man responsible for Bhopal's second transformation.

The first transformation came when the city became Madhya Pradesh's capital in November 1956. But it was the early 1970s when he became the administrator of Bhopal Municipal Corporation that the city's second transformation happened under his leadership.

The principled stand he took as then forest secretary even when he was at variance with the views of the state government—an episode which probably made him seek premature retirement—is the kind of stuff that go on to make legends out of people in their lifetimes.

I had known him since 1962, when he was the collector of Betul. My father was the divisional engineer, MPEB, at Itarsi, with Betul as part of his jurisdiction then. Since then Mr Buch was a regular visitor to our residence in both Itarsi and Bhopal.

MN Buch

I recall attending a function to mark the inauguration of electrification of a village in Betul district, a task he decided to perform when the VIP invited could not turn up on time at dusk.

When I had met him around a month back and he complained that I did not visit him frequently enough and I chided him saying that since I retired as CS, he too has stopped making what were his daily morning telephone calls to tell me what was not going right and what passed his muster.

Alas and to my lasting regret it will now be impossible to make good his demand that I go to meet him more frequently.

It will indeed be difficult to believe that he actually had quit service in 1984 at the age of 51. That was 31 years ago. There will be a lot to say and recall about Mr Buch in the years to come, for such people don't come by so easily. Nevertheless some events, which are not widely known, bear a mention.

After taking premature retirement from the IAS, Mr Buch had set up the NCHSE, which over the years became a reputed NGO, working for rural livelihoods and watershed development. One of the many interesting incidents is how he explained villagers in Betul district the importance of tree cover for maintaining groundwater retention. He had poured water first over a youth's head, densely covered with hair, and then repeating the same over his bald pate.

When I became the Agriculture Production Commissioner in 2011, after some persuasion, he agreed to become the chair of the campus development committee of the newly established Rajmata Vijayaraje Scindia Agriculture University Gwalior. The campus, which is now under construction, will, I am sure, stand as one more testimony to his abilities as an urban planner.

R PARASURAM

*(The writer is state election commissioner, Madhya Pradesh, and former chief secretary, GoMP)*

# Former bureaucrat MN Buch passes away in Bhopal

- **HT Correspondent, Hindustan Times, Bhopal**
- Updated: Jun 06, 2015 23:13 IST



*Retired IAS officer MN Buch passed away in Bhopal on Saturday. (HT photo)*

M N Buch, former bureaucrat and commonly referred to as 'architect of new Bhopal' for the urban planning concepts that he introduced in the city, died following a brain stroke on Saturday evening. He was 80.

Buch had been admitted to local Bansal Hospital after developing heart complications on June 4 and underwent angioplasty.

However, he got a paralytic attack early this evening and succumbed to it at 7.30pm, senior cardiologist with the hospital Dr Skand Trivedi confirmed to HT.

He is survived by wife Nirmala, ex-chief secretary of MP and son Vineet, who stays in USA.

A Padma Bhushan awardee, Buch sought voluntary retirement from Indian Administrative Services in 1984 and took up social activities.

An expert in housing, forestation, town planning and environmental protection, he set up the NGO National Centre for Human Settlements and Environment (NCHSE).

Born on 5th October 1934, he was known for his clear views on betterment of Bhopal and Madhya Pradesh, especially in context of urban planning and environment protection.

He was also the chairman of the Board of Governors ABV - Indian Institute of Information Technology and Management at Gwalior.

He received UNEP award for the implementation of desertification control program in 1994-95 and Aga Khan Award for Architecture in 1998.

The funeral procession would start from his E-4, Arera Colony residence at 11.30am and last rites would be performed at Bhadbhada crematorium.

---

newKerala.com™ •NEWS •INFORMATION •ENTERTAINMENT

## Architect of modern Bhopal and ex-bureaucrat M N Buch passes away

- Bhopal, June 7

**Former bureaucrat M N Buch, who was widely regarded as the architect of modern Bhopal, passed away here on Saturday evening following a brain stroke. He was 80.**

---

# एमएन बुच का निधन

**भोपाल** | हर जरूरी मुद्दे पर सक्रिय और सच के पक्ष में आवाज बुलंद करने वाले पूर्व

प्रशासनिक अधिकारी महेश नीलकंठ बुच का शनिवार को देहांत हो गया। वे 80 साल के थे। अंतिम यात्रा रविवार सुबह 11:30 बजे अरेरा कॉलोनी स्थित निवास ई-4/17 से भदभदा विश्रामघाट जाएगी। उनके परिवार में पत्नी पूर्व मुख्य सचिव निर्मला बुच हैं। बेटा विनीत सेनफ्रांसिस्को में है। चार जून को हार्ट अटैक के बाद उन्हें बंसल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी सफल एंजियोप्लास्टी हुई। कार्डियो-फिजिशियन डॉ. स्कंद त्रिवेदी ने बताया कि शनिवार दोपहर पैरालिसिस हुआ और शाम करीब साढ़े सात बजे ब्रेन स्ट्रोक के बाद बुच ने आखिरी सांस ली। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। निधन का समाचार पाकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, मुख्य सचिव अंटोनी डिसा, पूर्व मुख्य सचिव केएस शर्मा समेत राजनीति, प्रशासन, समाजसेवा और पर्यावरण से जुड़े उनके कई सहयोगी-शुभचिंतक शोक व्यक्त करने आए। **शेष पेज 8 पर**

**भोपाल का विकास बुच साहब की देन पेज-4**

पेज 1 के शेष

## एमएन बुच का...

## तीस साल का सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन, सच के पक्ष में सदैव आक्रामक

1984 में प्रशासनिक सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के बाद बुच कभी बेफिक्र होकर खामोश नहीं बैठे। बैतूल लोकसभा सीट से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में वे असलम शेरखान के खिलाफ चुनाव मैदान में भी उतरे और दूसरे नंबर पर एक लाख से ज्यादा वोट मिले। सरकार किसी की भी रही हो, शहरी विकास, कृषि, पर्यावरण से लेकर लालफीताशाही और भ्रष्टाचार तक हर जरूरी मुद्दे पर बुच की बुलंद आवाज सदैव सच के पक्ष में गूंजती रही। उन्हें नजदीक से जानने वालों में किसी के अनुभव में नहीं है कि वे कभी बीमार, असक्त या खामोश हुए हों। भोपाल सिटीजंस फोरम साक्षी है कि राजधानी में उनका 30 साल का सेवानिवृत्त जीवन किस तरह रचनात्मक सक्रियता से भरा रहा। अर्बन् प्लानिंग पर उनकी चार किताबें हैं। राजनीति या प्रशासन में जहां भी कोई खामी-खराबी सामने आती, बुच अपने आक्रामक तेवरों से ही सामने आते। सुबह की सैर और व्यायाम के साथ दिन की शुरुआत करने वाले बुच ने स्कूल की पढ़ाई गुजरात में की। दिल्ली में ग्रेजुएशन के बाद कैम्ब्रिज गए। 1957 में प्रशासनिक सेवाओं में आए और गुजरात से लेकर मध्यप्रदेश तक कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। प्रदेश में वे अर्बन प्लानिंग विभाग में प्रमुख सचिव थे। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में पीजी की पढ़ाई के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के सपंर्क में आए थे। वरिष्ठ पत्रकार अभिलाष खांडेकर बताते हैं कि बुच का सीधा संपर्क डॉ. सिंह से हमेशा बना रहा। बतौर प्रधानमंत्री डॉ. सिंह नक्सल समस्या और अर्बन प्लान जैसे विषयों पर उनसे बात करते थे। भोपाल में रहकर भी उनकी मौजूदगी बड़ी व्यापक थी। पिछले साल ही वन और पर्यावरण कानून में रद्दोबदल के लिए बनी टीएसआर सुब्रह्मण्यम कमेटी पर मुखर विरोध जताने वाले वे अकेले थे।

# बुच के दिल में धड़कता था भोपाल, आज भोपाल वालों ने उन्हें दिल से याद किया

## राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**सिटी रिपोर्टर | भोपाल**

आधुनिक भोपाल के शिल्पी पूर्व आईएएस अफसर महेश नीलकंठ बुच रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। भदभदा विश्रामघाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ। मुखाग्नि उनके छोटे भाई व गुजरात के पूर्व मुख्य सचिव महेंद्र बुच ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में राजनेता, ब्यूरोक्रेट, उद्योगपति और समाजसेवी शामिल हुए। नेताओं ने उन्हें तेजतर्रार तो अफसरों ने ईमानदार अफसर बताया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बुच साहब की स्मृति को चिर स्थायी बनाने के लिए विचार कर निर्णय लिया जाएगा। इससे पहले सुबह से ही अरेरा कॉलोनी स्थित आवास पर बुच साहब को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा।

पूर्व आईएएस अफसर एमएन बुच के घर पहुंचकर रविवार को दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वे ब्यूरोक्रेट नहीं, सोशल रिफॉर्मर थे

बुच साहब जब भी मिलते थे, ऊर्जा से भरे रहते थे। मुलाकात कभी-कभी होती थी, लेकिन चिट्ठियां तो हर माह मिलती थीं। भोपाल या प्रदेश के विकास को लेकर पत्र के माध्यम से चिंता व्यक्त करते थे। बेबाक लिखते और बेबाक कहते थे। मैंने बचपन में उनका नाम पहली बार तब सुना था, जब भोपाल में एक बिल्डिंग तोड़ी गई थी। जब लोग वहां से निकलते थे, तब कहते थे कि यह बिल्डिंग बुच साहब ने तुड़वाई। छोटा था, तब से मेरी नजरों में उनकी ईमानदार अफसर की छवि थी। भोपाल का वर्तमान स्वरूप उनकी देन है। वे केवल ब्यूरोक्रेट नहीं, सोशल रिफॉर्मर थे।

**शिवराज सिंह चौहान**, मुख्यमंत्री

बुच साहब से मेरी पहली मुलाकात तब हुई, जब वे उज्जैन कलेक्टर थे। वे गलत बात का विरोध करने में कतराते नहीं थे। वे जनहित के लिए काम करने वाले अफसर थे। पर्यावरण के प्रति हमेशा सजग रहे। सरकार और समाज को इस विषय में सोचना चाहिए कि उनकी स्मृति अमिट रह जाए।

**रमेशचंद्र अग्रवाल**, चेयरमैन, भास्कर समूह

मैं केंद्र में जब कार्मिक मामलों का मंत्री था, उस दौरान मेरे मंत्रालय में मध्यप्रदेश कॉडर के अफसरों की संख्या ज्यादा रही। उस दौरान अक्सर बुच साहब से मार्गदर्शन लिया। इतना नहीं वे जो सुझाव देते थे, उसे कैबिनेट सेक्रेटरी भी अक्षरशः मानते थे।

**सुरेश पचौरी**, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री

उन्हें विरोधियों को भी मनाना आता था। एक बार का वाक्या है कि इतवारा से ट्रांसपोर्ट नगर शिफ्ट होना था। इसके विरोध में हम मैदान में आ गए, लेकिन बुच साहब ने ऐसी घुट्टी पिलाई की कि हम सभी ट्रांसपोर्ट नगर को कोकता शिफ्ट करने के लिए सहमत हो गए।

**कैलाश सारंग**, पूर्व सांसद

ऐसे कर्मठ और ईमानदार अफसरों की जरूरत है, जैसे बुच साहब थे। मैं शुरू से ही उनसे मार्गदर्शन लेता रहा। इससे हमेशा फैसले लेने में मदद मिली।

**सुरेंद्र सिंह**, डीजीपी

भदभदा विश्राम घाट पर बुच को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व अन्य।

# एमएन बुच को दी अंतिम विदाई पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

**भोपाल(ब्यूरो)**। सिटी प्लानर के रूप में विख्यात रिटायर आईएएस एमएन बुच को रविवार को अंतिम विदाई देने के साथ ही सशस्त्र बल की सलामी के बीच उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। अंत्येष्टि में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, कैबिनेट मंत्री, जनप्रतिनिधि और तमाम ब्यूरोक्रेट्स भदभदा विश्रामघाट पहुंचे।

शनिवार रात बुच का निधन एक निजी अस्पताल में हुआ था। उनकी अंतिम यात्रा अरेरा कॉलोनी स्थित निवास से निकली। मुख्यमंत्री ने पार्थिव शरीर को कांधा दिया। भदभदा विश्रामघाट पर बुच के अनुज महेंद्र ने मुखाग्नि दी। बुच की दोनों भतीजी भी यहां मौजूद थीं, जबकि बेटे विनीत अमेरिका से सोमवार तक यहां पहुंच पाएंगे। इस मौके पर सीएम ने कहा कि भोपाल के मौजूदा स्वरूप का श्रेय बुच साहब को ही है, वे हमारे मागदर्शक भी थे। जब भी कोई समस्या आती थी, हम उनसे राय मांगते थे और वे बहुत साफ शब्दों में बेबाकी से अपनी राय देते थे। उनकी याद को चिरस्थायी बनाने के लिए विचार करके निर्णय लिया जाएगा। अंत्येष्टि के मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, गृह मंत्री बाबूलाल गौर, सांसद आलोक संजर, विधायक रुस्तम सिंह, विश्वास सारंग, पूर्व सांसद कैलाश सारंग, कलेक्टर निशांत बरवड़े और शहर के विभिन्न तबके के लोग मौजूद थे। रविवार सुबह बुच के निवास पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। यह सिलसिला सुबह सात बजे से ही शुरू हो गया था। पूर्व मुख्यसचिव आदित्य विजय सिंह, अवनि वैश्य, आर.परशुराम समेत कई आईएएस-आईपीएस अधिकारियों, मुख्यसचिव अंटोनी डिसा, डीजीपी सुरेंद्र सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष पीसी शर्मा आदि सुबह ही बुच के निवास पर पहुंच गए थे।

रविवार को आवास पर निर्मला बुच को सांत्वना देतीं दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री सीएम शीला दीक्षित।

# राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

## सीएम सहित राजनेता-अफसर हुए शामिल

स्व. बुच को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सहित अन्य।

**भोपाल.** पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एमएन बुच का अंतिम संस्कार रविवार को भदभदा विश्राम घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने स्वर्गीय बुच के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सीएम ने कहा कि भोपाल के वर्तमान स्वरूप का श्रेय स्व. बुच को जाता है। वे कुशल नगर नियोजक और देश में भोपाल की पहचान थे। वे नौकरशाह ही नहीं, बल्कि गरीबों के हित में बेहतर काम करने वालों के लिए प्रेरणा थे। बेबाक और खरी बात कहते थे। दिल्ली की पूर्व सीएम शीला दीक्षित ने भी बुच के परिवार से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की।

लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कहा कि स्वर्गीय बुच बहुत कुशल अधिकारी थे, उन्होंने प्रदेश के कई शहरों का मास्टर प्लान तैयार करने में अहम रोल अदा किया। इसलिए उन्हें रियल सिटी प्लानर माना जाता था। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कहा कि स्वर्गीय बुच ईमानदार प्रशासक के रूप में हमेशा याद रखे जाएंगे। भोपाल को सुंदर और व्यवस्थित बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर सांसद आलोक संजर, विधायक विश्वास सारंग, कैलाश नारायण सारंग, सीएस अंटोनी डिसा, डीजीपी सुरेंद्र सिंह सहित राजनेता, ब्यूरोक्रेट्स, बिजनेस, आर्ट और समाजसेवा से जुड़े लोगों के साथ परिजन, रिश्तेदार, गुजराती समाजजन शामिल हुए।

**स्मृतियाँ**

Dainik Bhaskar (07/06/2015)

• स्मृति शेष

# भोपाल का विकास बुच साहब की देन

मैने दोस्त नहीं भाई खोया है। हम दोनों 1957 बैच के आईएएस थे, एक साथ सेवा में आए। दोनों के पिताजी भी आपस में घनिष्ठ मित्र थे। उनसे मेरा संबंध पारिवारिक रहा। नौकरी में आने के बाद मेरी पोस्टिंग सागर में हुई उनकी मुरैना में। वे गुजरात के राजकोट से थे। मैं दिल्ली से था। नौकरी में तो हम एक साथ नहीं रहे, लेकिन 1984 में रिटायरमेंट के बाद जरूर रोजाना दिन में दो बार किसी भी विषय पर चर्चा जरूर करते थे, खासतौर पर स्पोटर्स पर। बुच साहब शहरी विकास के तो राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ थे। भारत सरकार ने उन्हें 2011 में पद्म भूषण से सम्मानित किया। बुच साहब मोरारजी भाई देसाई की सरकार में 1977 में दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी के डिप्टी चेयरमैन रहे। उस दौरान उन्होंने दिल्ली के विकास के लिए भी काम किया। उनकी जीवटता का अंदाजा तो इस बात से लगाया जा सकता है कि वे रिटायरमेंट के तीस साल बाद भी एक्टिव थे। अक्टूबर 2003 में सिटीजन फोरम बनाया तो हम दोनों फाउंडर मेंबर थे। भोपाल का सुनियोजित विकास तो वास्तव में उनकी ही देन है। उनके जाने से मप्र ने एक कर्मठ सिपाही खोया है। प्रदेश के हितों के लिए सभी स्तरों पर वे आवश्यकताओं के अनुसार लड़ते रहे, जब विरोधाभास ज्यादा हो गया तो उन्होंने सेवानिवृत्ति ले ली। जब मप्र से छत्तीसगढ़ अलग हुआ तो वे बेहद दुखी हुए।

अरुण कुमार पंड्या

**(लेखक बुच के साथ प्रशासनिक सेवा में रहे)**

**स्मृति शेष**



महेश नीलकंठ बुच

आधुनिक भोपाल के शिल्पी महेश नीलकंठ बुच अब हमारे बीच नहीं हैं। सख्त और ईमानदार प्रशासन के उनके तौर-तरीकों, जनता से गहरे जुड़ाव और जमीनी संपर्क से जुड़ी कई प्रेरक घटनाएं हैं। इनमें नई पीढ़ी के लिए कई सबक छिपे हैं। उन्हें श्रद्धांजलि सहित प्रस्तुत हैं कुछ ऐसे ही किस्से-

# तब मुख्यमंत्री को ही कहना पड़ा- 'बुच साहब नहीं मानेंगे'

1970 के दशक में भोपाल नगर निगम के प्रशासक रहते हुए एमएन बुच ने अतिक्रमण हटाने में राजनीतिक हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया। इतवारा में एक प्रभावशाली परिवार की बिल्डिंग का अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चल रही थी। उस दौरान तत्कालीन मंत्री केएन प्रधान मौके पर पहुंचे और कार्रवाई रोकने को कहा। बुच ने साफ इनकार कर दिया। प्रधान अड़ गए, लेकिन बुच भी नहीं माने। दोनों के बीच तीखा विवाद हुआ, लेकिन कार्रवाई नहीं रुकी। नाराज प्रधान तत्कालीन मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ल के पास पहुंचे और बुच की शिकायत की। शुक्ल ने प्रधान से कहा- 'रहने दो, बुच साहब नहीं मानेंगे।'

## विरोध का अनूठा तरीका

जब सरकार ने यह आदेश दिया कि सरकारी फाइलों में केवल हिंदी में ही टीप लिखी जाए तो एमएन बुच को यह नागवार गुजरा। वे हिंदी के विरोधी नहीं थे, लेकिन इस तरह अनिवार्यता थोपना उन्हें अच्छा नहीं लगा। बुच एक ऐसी डिक्शनरी लेकर आए, जिसमें अंग्रेजी शब्दों के क्लिष्ट अनुवाद थे। बुच ने उस डिक्शनरी के आधार पर फाइलों में टीप लिखनी शुरू की। हारकर यह आदेश वापस हुआ और कहा गया कि अंग्रेजी में भी टीप लिखी जा सकती है।

## बैतूल में लोग उनका मंदिर बनाना चाहते थे

एमएन बुच जनता से सीधे जुड़कर काम करते थे। वे 1962 से जनवरी 1965 तक बैतूल के कलेक्टर रहे। उस दौरान बुच से आमजन सीधे मिल सकते थे। उनसे मुलाकात के लिए किसी सहायक की जरूरत नहीं पड़ती थी। बुच पूरे जिले में दौरा करते थे और जो एक बार मिल गया उसे नामजद याद रखते थे। ऐसा बहुत कम होता है कि कोई कलेक्टर जनता से इस तरह जुड़ जाए। जब उनकी नई पोस्टिंग हुई तो बैतूल के लोग उन्हें विदा करने के लिए रेलवे स्टेशन तक आए और रो पड़े। बाद के वर्षों में कुछ लोगों ने वहां उनका मंदिर बनाने की योजना बनाई। बुच ने ही लोगों को समझा-बुझाकर ऐसा करने से रोका।

## न्यू मार्केट में पार्किंग स्पेस का मामला

एमएन बुच के कार्यकाल में ही न्यू मार्केट का निर्माण हुआ। न्यू मार्केट की परिकल्पना में पार्किंग स्पेस अधिक रखने पर उनकी आलोचना हुई। उस समय कई प्रभावशाली और आमजन इसे गैरजरूरी बता रहे थे। बुच ने देश के अन्य शहरों के विकास और वहां होने वाली दिक्कतों का हवाला दिया और वे न्यू मार्केट में अपने मनमाफिक पार्किंग स्पेस रखने में सफल हो गए। बाद के वर्षों में जब नया कॉफी हाउस और समन्वय भवन बना तो बुच ने अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई।

## नौकरी की नहीं, नियमों की परवाह

जब वे दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी (डीडीए) के वाइस चेयरमैन थे, तब पुराने शहर में अतिक्रमण के खिलाफ मुहिम चली थी। संजय गांधी इसमें खासी रुचि ले रहे थे। एक दिन तत्कालीन वित्तमंत्री हेमवतीनंदन बहुगुणा ने उन्हें बुलाया और कहा- 'जो दुकानें टूटी हैं उन्हें दुरुस्त कराओ और इसके साथ ही शाही इमाम को 30 लाख रुपए दिए जाएं।' नियम-कायदों के पक्के बुच ने वहीं जवाब दिया- 'इमाम साहब वक्फ के नौकर हैं, मालिक नहीं। उन्हें 30 लाख रुपए हम तो नहीं दे सकते। आप वित्तमंत्री हैं, चाहें तो 30 करोड़ भी दे सकते हैं।' बहुगुणा ने तैश में आकर कहा- नौकरी करनी है या नहीं? बुच का जवाब था- यह बात है तो ऑर्डर कर दीजिए कल ही चले जाएंगे। उन्हें शाम के पहले ऑर्डर मिल गया था।

**एमएन बुच के अनुज व गुजरात के पूर्व मुख्य सचिव महेंद्र बुच, रिटायर्ड आईपीएस अफसर केएस ढिल्लन, और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी अरुण कुमार पंड्या के संस्मरण**

DB (10/06/2015)

**स्मृति शेष**

महेश नीलकंठ बुच

एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में बुच की जिंदगी कई घटनाओं से भरी रही। दिल्ली से लेकर मध्यप्रदेश तक और मध्यप्रदेश में कई जिलों से लेकर भोपाल तक। इन चुनिंदा किस्सों से उनके कामकाज की एक ऐसी शैली सामने आती है, जिससे आज के प्रशासक काफी-कुछ सीख सकते हैं-

# हालात काबू में रखने और स्थाई समाधान देने का हुनर खूब था

**किलोल** पार्क के पास पहले झुग्गी बस्ती थी। उन्हें हटाया जाना था। बुच ने सीधे कार्रवाई शुरू नहीं की। पहले बस्तीवालों से मिले। उनसे बात की। धैर्य से उनकी जरूरतें समझीं। उन्हें पूरा प्लान समझाया। विकल्प बताए। मुख्यमंत्री प्रकाशचंद्र सेठी थे। एक दिन उनसे कहा कि अब आप दौरा कीजिए। सेठी साहब को डर था कि हटाने के विरोध में पता नहीं बस्ती वाले कहां से पथराव करेंगे। मगर बुच ने आश्वस्त किया। वे गए और यह देखकर हैरत में पड़ गए कि बस्ती वाले खुद हटने को तैयार थे। उस जगह गार्डन बना। हालात को कैसे काबू में रखना है और स्थाई समाधान देना है, यह हुनर उनमें कूट-कूटकर भरा था। काम करने की इस शैली से उनका जमीनी संपर्क गजब का था।

## तीखा विरोध हुआ तो मुख्यमंत्री-मंत्री को राजी करने खुद गए

1970 के दशक में तेज बारिश के कारण इकबाल मैदान के दोनों ओर के गेट जर्जर हो गए थे। बुच ने इन्हें तोड़ने का फैसला लिया। इसका तीखा विरोध हुआ। वजह थी कि उसमें से एक गेट के ऊपर कांग्रेस पार्टी का दफ्तर था और वहां रवींद्रनाथ टैगोर की सभा हुई थी। मंत्री और मुख्यमंत्री ने उन्हें बुलाकर चर्चा की। उन्हें विरासत के नाम पर गेट न तोड़ने की सलाह दी। बुच ने जर्जर गेट के कारण संभावित दुर्घटना के साथ राजनीतिक नेतृत्व को यह भी समझाया कि गेट तोड़ने से शहर का ट्रैफिक भी सुधरेगा। आखिर गेट तोड़ने की अनुमति मिल गई और बुच ने मौके पर खड़े होकर ये गेट तुड़वाए।

## सुधार की गुंजाइश नहीं, कचरे के डिब्बे में डालिए इसे

पांच साल पहले भोपाल के मास्टर प्लान का ड्राफ्ट बुच की सलाह पर ही नामंजूर हुआ। ड्राफ्ट पर आपत्तियों की सुनवाई का अंतिम दिन था। तत्कालीन सांसद कैलाश जोशी हर आपत्ति को सुन रहे थे। बुच ने करीब आधा घंटे तक अपने प्रेजेंटेशन में ड्राफ्ट की खामियां बताईं। जोशी चुपचाप सुनते रहे। प्रेजेंटेशन खत्म होने के बाद उन्होंने पूछा-'क्या इसमें कुछ सुधार संभव है? या इसे नामंजूर ही करना पड़ेगा।' बुच ने कहा- 'इसमें सुधार की संभावना नहीं। यह कचरे के डिब्बे में डालने लायक है।' जोशी ने कहा- 'ठीक है।' इसके बाद मास्टर प्लान का ड्राफ्ट नामंजूर हो गया।

## चट्टानों के बीच बना दिया पार्क

पुराने शहर के किलोल पार्क सहित राजधानी के कई पार्क एमएन बुच के कार्यकाल में ही बने। किलोल पार्क जहां बना है, वहां बड़ी-बड़ी चट्टानें हैं। उस समय कई लोगों ने सुझाव दिया कि खुदाई करके चट्टानें हटा दी जाएं, लेकिन बुच इस पक्ष में नहीं थे। वे टोपोग्राफी बदलने के खिलाफ थे। आखिर चट्टानों के बीच में ही वह पार्क बना। बुच ने उनके जमाने में बने पार्कों के नामों के लिए लोगों से सुझाव लिए और उसके बाद मयूर पार्क, वर्धमान पार्क जैसे नाम दिए गए। यही नहीं, इन पार्कों के लिए प्रदेश के बाहर से फूल के पौधे लाए गए। उस समय यह बहुत बड़ी बात थी।

## छात्रों की मांग पर लगाया पंप में साइलेंसर

तलैया में रहने वाले सैफिया कॉलेज के कुछ छात्र एमएन बुच से मिले और शिकायत की कि उनके क्षेत्र में जिस पंप से पानी सप्लाई होता है, उसकी तेज आवाज के कारण वे पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। छात्रों को उम्मीद ही नहीं थी कि कोई अफसर उनकी इस बात को सुनेगा भी। लेकिन बुच ने तत्काल नगर निगम के इंजीनियर को मौके पर भेजा। पंप में साइलेंसर लगाया गया। साइलेंसर लगाने के बाद इंजीनियर ने छात्रों से एक सादे कागज पर लिखवाया कि हम इस काम से संतुष्ट हैं और वह बुच को दिया। उसके बाद बुच संतुष्ट हुए।

**प्रोफेसर सविता राजे स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, सगीर बैदार संचालक मुस्लिम एजुकेशन एंड कॅरियर प्रमोशन सोसायटी, गुजरात के पूर्व मुख्य सचिव महेंद्र बुच के संस्मरण।**

DB (11/06/2015)

**स्मृति शेष**

महेश नीलकंठ बुच

**एमएन बुच की सबसे बड़ी खासियत ही यह थी कि वे सच को सच की तरह सामने रखते थे। न डर, न स्वार्थ। यही वजह है कि उनकी बात का वजन होता था। वे सिद्धांतों को सबसे ऊपर रखते थे। कानून की बारीकियों का ज्ञान भी गजब का था। पूरी तैयारी के बाद ही कुछ कहते थे और जब कहते थे तो असर होता था।**

# अर्जुनसिंह से कह दिया था कि तबादला आपका काम नहीं है

1980 के दशक में एमएन बुच जब वन विभाग के सचिव थे, तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने एक रेंजर के तबादले की अनुशंसा की। बुच ने मुख्यमंत्री से कहा -'यह आपका काम नहीं है।' यह कहते हुए उन्होंने तबादला करने से इनकार कर दिया। मुख्यमंत्री ने जब दबाव बनाया तो बुच ने बजाए तबादला करने के नौकरी छोड़ना बेहतर समझा। बुच के साथ काम करने वाले बताते हैं कि इमरजेंसी के बाद बदले हालातों में बुच को लगने लगा था कि अब स्वतंत्र होकर काम नहीं किया जा सकता। जब उन्हें लगा कि पानी सिर के ऊपर से गुजर रहा है तो नौकरी को अलविदा कहने का साहस दिखाया।

## बारीकियों में किसी टेक्नोक्रेट से कम नहीं थे

टाउन प्लानिंग के मामले में एमएन बुच का ज्ञान किसी टेक्नोक्रेट से कम नहीं था। भोपाल का पहला मास्टर प्लान बनाने से लेकर हाल के दिनों तक वे टाउन प्लानिंग से जुड़े हर मुद्दे पर किसी जानकार से भी बेहतर तरीके से राय रखते थे। बुच का यह ज्ञान बहुत कुछ गॉड गिफ्ट जैसा था। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की जिम्मेदारी मिलने के बाद अध्ययनशील बुच ने इस संबंध में हर नामी गिरामी लेखक की पुस्तक का एक विद्यार्थी की तरह अध्ययन भी किया। किसी क्षेत्र में नई योजना की बात हो, बुच मौके पर पहुंच जाते और योजना से होने वाले नुकसान का सटीक आकलन करते।

## रेतघाट में मौके पर ही बांटा मुआवजा

किसी सरकारी योजना या अन्य वजह से होने वाले विस्थापन में मिलने वाले मुआवजे को लेकर शिकायतें और नाराजगी आम बात है। 1970 के दशक में एमएन बुच ने भोपाल में रेतघाट से बड़ी संख्या में लोगों का विस्थापन कराया और एक भी व्यक्ति नाराज नहीं हुआ। बुच ने मौके पर खड़े होकर मकानों का मुआयना किया, वहीं मुआवजा तय किया और तत्काल चैक पर साइन करके सौंप दिया। यही नहीं, लोगों को उनकी पसंद की जगह चुनने का मौका भी दिया। कुछ लोगों ने कहा उन्हें ऐसी जगह चाहिए जहां से तालाब नजर आए। बुच ने इसका भी ख्याल रखा।

## दूधवालों ने हड़ताल की तो पुलिस की गाड़ियों से दूध मंगाया

उज्जैन में जब वे कलेक्टर थे। दूध वालों की जांच-पड़ताल हुई। दूध में पानी की मिलावट पाई गई। कार्रवाई के विरोध में दूध वालों ने मिलकर हड़ताल कर दी। अब उन्हें शहर में दूध की आपूर्ति भी बहाल रखनी थी और दूधवालों के दबाव में भी नहीं आना था। उन्होंने फौरन पुलिस की गाड़ियों से गांवों से दूध लाने का इंतजाम कराया। यह देखकर दूधवालों की हालत पतली हो गई। मगर वे झुके नहीं। पुलिस के वाहनों में दूध मंगाने वह ऐतिहासिक फैसला था। किसी मामले में एक गुंडे ने उन पर एसिड डालने की खुली धमकी दी। वे रात के 12 बजे अकेले ही उसके घर जा पहुंचे। विमल मिल के मजदूर अक्सर कलेक्टर के घर के सामने हंगामा किया करते थे। एक दफा बुच ने कोई दिखे तो फायरिंग के आदेश दे दिए। अगले ही दिन से बिलावजह के वे हंगामे बंद हो गए।

## डीडीए में लागू की नई योजनाएं

परंपरागत तरीके से काम करना एमएन बुच को पसंद नहीं था। वे सरकारी कामकाज में हर तरह के अंधविश्वास के खिलाफ थे। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का वाइस चेयरमेन रहते हुए उन्होंने डीडीए की कार्यप्रणाली में काफी बदलाव किया। गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए मकान बनाना और इसकी कीमत एकमुश्त लेने की बजाय किश्तों में लेना। डीडीए में यह योजना सबसे पहले बुच ने ही लागू की।

**पूर्व आईएस अधिकारी अरुण कुमार पंड्या, प्रोफेसर सविता राजे स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, गुजरात के पूर्व मुख्य सचिव महेंद्र बुच के संस्मरण**

DB (12/06/2015)

Dainik Bhaskar (18/06/2015)

**स्मृति शेष** | एक हजार साल पुराने इस शहर को आधुनिक वास्तुशिल्प से रूबरू कराने वाले चार्ल्स कोरिया को श्रद्धांजलि

# भारत भवन के लिए बुच ने चुना था चार्ल्स कोरिया को

**▪ अशोक वाजपेयी ▪**

"भोपाल में आधुनिक रंग भरे चार्ल्स कोरिया ने। इस शहर को आधुनिक बनाने में उनका योगदान यादगार है।

भारत भवन और विधान भवन अनूठे वास्तु की रचनाएं हैं। चार्ल्स भारत भवन को नॉन-बिल्डिंग कहते थे-अभवन। ध्यान दीजिए एक लाख वर्गमीटर में बनी यह ऐसी इमारत है,

जिसे पूरा कहीं से नहीं देखा जा सकता। आप ऊपर से इसमें दाखिल होते हैं। भवन का विस्तार नीचे है। भारत भवन में रूपांकर और रंगमंडल के निदेशक बने थे ब.व.कारंत और स्वामीनाथन। उनके समय के भारत भवन के नक्शे में चार्ल्स ने बदलाव किए। यह पहली ऐसी इमारत थी, जिसके उद्घाटन के समय ही इससे जुड़ी सारी गतिविधियां शुरू हो गई थीं। तब देशभर में साहित्य, संगीत, कला से जुड़ी सारी जानी-मानी हस्तियां भोपाल आई थीं। उस मौके पर चार्ल्स का वक्तव्य याद आ रहा है-अगर भोपाल में ये उड़ानें क्रैश हो जाती तो भारतीय संस्कृति का ही लोप हो जाता। भारत भवन के लिए आर्किटेक्ट के चुनाव का जिम्मा तब बीडीए को सौंपा गया था। चार्ल्स कोरिया का चुनाव करने वाले थे महेश नीलकंठ बुच। उनके चयन में राजनीतिक दखलंदाजी की गुंजाइश तब न के बराबर थी। मैं मानता हूं कि तब बौने लोग सत्ता में नहीं थे। उनके दिल बड़े थे। जो चीज वे नहीं समझते थे, उनके लिए विशेषज्ञों पर भरोसा करते थे। इसलिए चार्ल्स के चयन को सहज स्वीकार किया गया। उन दिनों कुमार गंधर्व का आयोजन था। एक बंदिश गाई थी-ये खेल रूप का खेले महाधीर। चार्ल्स ने ये शब्द सुने। बोले-क्या कुमार को यह पता है कि आर्किटेक्चर भी एक खेल है, जो धीरज मांगता है। यह बात तो चंडीगढ़ के डिजाइनर ला कारबुजिए ने कही थी। चार्ल्स चकित थे कि कैसे कुमार ने इसे गा दिया? जब नई विधानसभा को बनाया तो उन्होंने चित्रांकन के लिए आदिवासी लोक कलाकारों को मौका दिया। वे तब साबरमती आश्रम से लेकर दिल्ली में क्राफ्ट म्युजियम बना चुके थे। कलाओं में उनकी पैठ गजब की थी। वे पारंपरिक तत्वों में आधुनिक तत्वों को बहुत खूबसूरती के साथ मिलाकर काम करते थे।"

**(लेखक भारत भवन के निर्माण के वक्त प्रदेश के संस्कृति सचिव रहे)**

## बाजार की शक्तियां शहर नहीं बनातीं

**▪ अजय कटारिया ▪**

"वे मास्टर आर्किटेक्ट थे। शिक्षाविद् तो थे ही। दुनिया भर के स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर में जाते थे। नई पीढ़ी से उनका जीवंत संवाद था। नवी मुंबई के मुख्य आर्किटेक्ट वे ही थे। वर्ष 1972 में उन्होंने मुंबई के भविष्य की कल्पना की थी। वे 43 साल पहले यह देख रहे थे कि समुद्र किनारे का यह खूबसूरत शहर आबादी के किस तरह के दबावों को झेलने वाला है। उनका मशहूर वक्तव्य है-बाजार की शक्तियां शहर नहीं बनातीं, बल्कि उन्हें बर्बाद करती हैं। वे शहरी डिजाइन में ओपन और कवर्ड स्पेस का खास ख्याल रखते थे। भोपाल में भारत भवन की डिजाइन में उसकी शानदार झलक दिखाई देती है। भारत भवन अपने खास डिजाइन की बदौलत ही एक साथ आर्ट, कल्चर और आर्किटेक्चर का आकर्षक उदाहरण बना। यह ओपन और कवर्ड स्पेस की गजब की शृंखला है, जिसका विस्तार आपको हर कदम पर हैरत में डाल देता है। उनकी रचनाओं में स्थानीय सामग्री और स्थानीय तकनीक दोनों का ही इस्तेमाल हुआ है। इसके लिए उनके स्थानीय विशिष्टताओं के गहरे अध्ययन की दाद देनी होगी। विधानसभा में भी यही किया। चार्ल्स बड़े शहरों के आसपास छोटे शहरों को भी उसी अनुपात में विकसित करने के पक्षधर थे। नई पीढ़ी को वास्तु में सीखने के लिए उनका दिया हुआ काफी काम आएगा।" **(लेखक वास्तुविद् हैं)**

**सच्ची श्रद्धांजलि** | भविष्य के भोपाल में एमएन बुच और चार्ल्स कोरिया का विजन बरकरार, सरकार का फैसला-

# शहर की मूल पहचान कायम रहेगी

**बीते दो हफ्तों में शहर की आत्मा से जुड़ी दो हस्तियों ने हमें अलविदा कहा। छह जून को महेश नीलकंठ बुच नहीं रहे। 16 जून को आर्किटेक्ट चार्ल्स कोरिया के गुजरने की खबर आई। दोनों का भोपाल से गजब का रिश्ता था। प्रशासक के रूप में बुच ने शहर को आधुनिक पहचान दी थी। भारत भवन की रचना के लिए बुच ने ही चार्ल्स के चयन का सुझाव दिया था, जिन्होंने बाद में नई विधानसभा भी बनाई। बेजोड़ स्थापत्य के साथ एक उम्दा आबोहवा वाले शहर की रचना दोनों की खूबी थी। सरकार के तीन फैसले ऐसे हैं, जो भविष्य के भोपाल के प्रति आशा जगाते हैं। भास्कर ने बुच और कोरिया को करीब से जानने वालों से समझा कि उनके कृतित्व से हम अपने अधर में अटके मास्टर प्लान में क्या बेहतर कर सकते हैं-**

कुलदीप सिंगोरिया | भोपाल

शहर की नई पहचान बनने जा रही देश की पहली लाइट मेट्रो के साथ तालाब, हरियाली और पहाड़ियां भी बची रहें, इसकी कोशिशें शुरू हो गई हैं। **शहर का कोर एरिया अरेरा कॉलोनी, अरेरा हिल्स, श्यामला हिल्स आदि की मूल पहचान बनी रहे, इसके लिए सरकार ने अब फैसला लिया है कि यहां अतिरिक्त निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। यानी इन इलाकों में मेट्रो के प्रस्तावित कॉरिडोर के दोनों ओर 500-500 मीटर तक न तो फ्लोर एरिया रेशो (एफएआर) बढ़ाया जाएगा और न ही पर्यावरण से छेड़छाड़ होगी।** यही नहीं यहां ब्रीदिंग स्पेस यानी खुले क्षेत्र को भी बरकरार रखा जाएगा। शहरी नियोजन के दोनों प्रमुख स्तंभों, बुच और कोरिया को यही सरकार की श्रद्धांजलि है।

शहर का पहला मास्टर प्लान बुच ने ही बनाया था। सरकार उन्हीं मानकों को शहर के कोर एरिया में बरकरार रखेगी। यानी यहां न तो ज्यादा ट्रैफिक बढ़ेगा और न ही बसाहट। मेट्रो ट्रेन के लिए मास्टर प्लान में फेरबदल का जो मसौदा बनाया जा रहा है, उसमें ऐसे ही प्रावधान किए गए हैं। इस मसौदे में सिर्फ शहर के बाहरी हिस्से में ही एफएआर बढ़ाने और बेचने के प्रावधान रहेंगे। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का कहना है कि इस इलाके के एफएआर से छेड़छाड़ नहीं होगी।

### बुच के वचन-

*"नदी-तालाबों की संरचनाओं की अवहेलना न हो, सम्मान हो..."*

और इसे न मानने की सजा-
**कलियासोत नदी के आसपास बेतरतीब निर्माण, तालाब की गिरती सेहत व उजड़ती पहाड़ियां।**

### ...और कोरिया कहा करते थे-

*"बाजार की शक्तियां शहर नहीं बनाती, बल्कि उन्हें बर्बाद करती हैं..."*

और इसे न मानने का नतीजा-
**अवधपुरी, कोलार रोड, कटारा हिल्स और बावड़िया कला जैसे अनियोजित इलाके मिले।**

## सरकार के तीन महत्वपूर्ण कदम

**1 नहीं बढ़ेगा कोर एरिया का एफएआर**
लालघाटी, चूना भट्टी, अरेरा कॉलोनी आदि में तय एफएआर 0.75 को नहीं बढ़ाया जाएगा। यानी यहां लोग तय मानकों से ज्यादा निर्माण नहीं कर सकेंगे।

**2 हाइराइज के लिए भी नहीं बढ़ेगा**
शहर के बाहरी हिस्सों में भी हाइराइज इमारत बनाने के लिए अतिरिक्त एफएआर नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में मास्टर प्लान में संशोधन किया गया है।

**3 बड़े तालाब से 500 मी दूर निर्माण नहीं**
बड़े तालाब, नदियों, नालों से निर्माण की दूरी की सीमा बढ़ाई जाएगी। बड़े तालाब से 500 मी., नदियों से 50 और नालों से 30 मी. की दूर तक निर्माण नहीं होंगे।

# सीख लेकर हमें यह करना होगा

**नजरिया** – बुच अरेरा कॉलोनी की तरह लो डेंसिटी पसंद करते थे, लेकिन वह एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है कि उन्होंने ही उस वक्त शहर की सबसे ऊंची इमारतें बनाईं। यानी हम आज की जरूरत के हिसाब से शहर के बाहरी इलाकों में ऊंची बिल्डिंग बना सकते हैं, लेकिन बुच की इस सलाह को ध्यान में रखकर कि ट्रैफिक और पार्किंग का मैनेजमेंट हो।

**सख्ती** – किस्सा वर्ष 2003-04 का है। हबीबगंज थाने के पास रोड के दूसरी ओर सरकार ने लैंडयूज को कमर्शियल करने का प्रस्ताव प्रकाशित कर दिया। बिल्डर ने यहां शॉपिंग कॉम्पलेक्स का काम शुरू कर दिया। बुच को पता चला तो बोले- मेरी लाश पर ही यह इमारत बनेगी। काम रुक गया। दूसरा किस्सा भी ई-3 में उनके घर से कुछ ही दूरी पर एक मकान का है। यहां भी बुच के नजदीकी मित्र ने मल्टीस्टोरी बिल्डिंग का काम शुरू कर दिया। बुच अड़ गए। आखिर उन्हें बुच की बात माननी पड़ी।

**संवेदनशीलता** – बुच का मानना था कि शहर एक जीवधारी रचना है। इसलिए विकास की प्लानिंग करते वक्त नगर नियोजक को यह तथ्य सामने रखना चाहिए। यदि कोई इसे नहीं मानेगा तो उसकी रचना पुस्तकों में रह जाएगी या जनता को अत्यधिक कष्ट पहुचाकर क्रियान्वित होगी।

## 5 खामियां मौजूदा मास्टर प्लान की

1. बड़े तालाब के लेक फ्रंट में लो डेंसिटी वाली गतिविधियां प्रस्तावित कीं। बिना प्रभाव जाने लैंडयूज बदल दिए गए।
2. अवधपुरी, कटारा और कोलार में फैलाव का अनुमान नहीं लगाया। कमर्शियल गतिविधियों की भी गलत प्लानिंग।
3. प्रस्तावित सड़कें सिर्फ नक्शे पर हैं। हकीकत में वहां पहले से ही निर्माण थे, इसलिए नहीं बनीं।
4. ग्रीन बेल्ट को सुरक्षित रखने की कोशिश नहीं हुई। बाहरी इलाकों में ग्रीन बेल्ट प्रस्तावित नहीं।
5. ट्रैफिक की बढ़ती जरूरत का गलत अनुमान। इसलिए बोर्ड ऑफिस चौराहा जैसे बाद में विकसित इलाकों में भी ट्रैफिक जाम।

## हर मुश्किल का समाधान

तेजी से बढ़ते शहरों में नई चुनौतियां हैं। फिर भी बुच और कोरिया के काम में ही इन चुनौतियों से निपटने का समाधान भी है। देखिए कैसे। टाउन प्लानिंग में हाइराइज को शामिल किया जाए, लेकिन बुच के ओपन स्पेस और ट्रैफिक वाले प्रावधान के साथ। कोरिया ने मुंबई में जैसी कंचनजंघा बहुमंजिला इमारत की डिजाइन बनाई। खुली-खुली, हवादार और हर कोने में सूर्य के किरणें पहुंचने वाली। वैसी ही प्लानिंग हमारे यहां की हाइराइज इमारतों में की जाए।

## 5 खासियतें बुच के मास्टर प्लान की

1. बुच ने तालाब, हरियाली और पहाड़ियों के संरक्षण को केंद्र में रखते हुए मास्टर प्लान का खाका तैयार किया।
2. जहां जरूरी, वहीं हाइराइज इमारतें प्रस्तावित कीं। जैसे न्यू मार्केट के आसपास पंचानन, बेतवा आदि।
3. पहली रिंग रोड प्रस्तावित की, लेकिन बुच के बाद के प्रशासकों ने कभी इस पर ध्यान नहीं दिया। अब भी यह बेरुखी का शिकार।
4. एकरूपता और शहर के एक हिस्से को दूसरे से जोड़ने के प्रावधान। भेल, बैरागढ़ और नए शहर को आपस में जोड़ा।
5. सामाजिक-आर्थिक जरूरतों का प्लान। रोजगार के लिए औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किए।

## विरासत को आगे बढ़ाने वाले कदम

टीएंडसीपी बिल्डिंग हो, आईएसबीटी हो या स्कूल ऑफ गुड गवर्नेंस की इमारत। सबमें एक खास बात है। सरकारी

होकर भी यह इमारतें दोस्त की तरह लगती हैं। ठीक वैसे ही जैसे चार्ल्स कोरिया को डिजाइन की गईं इमारतें। लेकिन इन इमारतों को डिजाइन किया आर्किटेक्ट अजय कटारिया ने। ऐसे ही युवा आर्किटेक्ट है जी वेंकटेश। शाहपुरा में छोटे से प्लॉट पर भी मकान के भीतर आंगन दे दिया। बाहर गार्डन।

## अब और देर न हो

1. गड़बड़ियों से भरा मास्टर प्लान-2021 बुच के घोर विरोध के कारण ही निरस्त हुआ। वे नया प्लान चाहते थे, लेकिन बेहतर प्लानिंग के साथ। अब सरकार और देरी न करे और जल्द से जल्द नया मास्टर प्लान प्रकाशित करे।
2. बुच ने हमेशा से शहर के उत्तर और दक्षिणी हिस्से को आपस में जोड़ने की पैरवी की। वे रीजनल कॉलेज से कोहेफिजा तक एक ब्रिज चाहते थे, जो कि कमला पार्क ब्रिज के समानांतर हो। निगम ने इसका प्लान भी बनाया, लेकिन फिलहाल ठंडे बस्ते में है। इसकी संभावनाओं को सरकार फिर खंगाले।

## वैसी ही बारीक नजर जरूरी

वन विहार की पहाड़ी उजाड़ थी। बुच ने फेंसिंग करवा दी। आज देखिए, लहलहा रही है। बुच ही चार्ल्स कोरिया को लाए। भारत भवन को डिजाइन के लिए। उन्होंने भोपाल के हवाई दौरे किए। खासियत समझीं। टोपोग्राफी के हिसाब से साइट भी उन्होंने ही तय की। नतीजा, बड़े तालाब के किनारे एक ऐसी

इमारत बन गई, जो खुद चार्ल्स के मुताबिक भवन नहीं- अभवन है। उतरते जाइए आप इस इमारत में, ऐसा लगता है जैसे बड़े तालाब का घाट हो। नेचुरल स्लोप का बेहतरीन उपयोग। आने वाले कल के भोपाल के लिए ऐसी ही बारीक नजर जरूरी है।